स्केटिंग में अग्रिमा, तनिष्का और भावना रहीं अव्वल

■एनबीटी न्यूज, गुड़गांव : स्केटिंग के महिला वर्ग के मुकाबले बलियावास स्थित गुड़गांव स्केटर्स स्केटिंग ट्रैक पर हुआ। 300 मीटर के टाइम ट्रेल इनलाइन इवेंट में अग्रिमा प्रथम, आईएस अनायका द्वितीय, तविषा तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-14 वर्ग में तनिष्का प्रथम, सान्वी द्वितीय और मल्लिका तृतीय रहीं। अंडर-17 वर्ग में भावना को फर्स्ट, निशिता सेकंड और जिया थर्ड रहीं। अंडर-19 वर्ग में प्रथम स्थान राधिका को मिला, जबकि अदिति द्वितीय रही।

बलियावास की स्केटिंग अकैडमी में चल रही है प्रतियोगिता

500 मीटर इनलाइन इवेंट के अंडर-11 वर्ग में अग्रिमा प्रथम, तविषा द्वितीय और आईएस अनन्या तृतीय रही। अंडर-14 वर्ग में तनिष्का को प्रथम, मल्लिका को द्वितीय और सान्वी को तृतीय स्थान मिला। अंडर-17 वर्ग में भावना प्रथम, निशिता द्वितीय और जिया तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि अंडर-19 वर्ग में राधिका को प्रथम और अदिति को द्वितीय स्थान मिला। 1000 मीटर इनलाइन इवेंट के अंडर-11 वर्ग में अग्रिमा प्रथम, तविषा द्वितीय और आईएस अनन्या तृतीय रही। अंडर-14 वर्ग में सान्वी फर्स्ट, मल्लिका सेकंड और तनिष्का थर्ड रहीं। अंडर-17 वर्ग में भावना प्रथम रहीं, जबकि निशा को द्वितीय और जिया को तृतीय स्थान मिला। अंडर-19 वर्ग में राधिका प्रथम और अदिति द्वितीय रहीं।